हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

<u>हिन्दी पखवाडा</u>

<u>दिनांक 10 से 21 सितम्बर, 2012</u>

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान में 10.09.2012 से 21.09.2012 की अवधि में **हिन्दी पखवाडा** मनाया गया । इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों ने अपने–अपने विचार प्रकट किए । इस संस्थान के वैज्ञानिको द्वारा प्रशिक्षण इत्यादि का पाठयक्रम हिन्दी में उपलब्ध करवाया जा रहा है एवं किसानों के लिए वनों पर आधारित जानकारी लिखित एवं मौखिक रूप से हिन्दी में ही प्रदान की जा रही है तथा संस्थान के सभी सदस्यों द्वारा हिन्दी पखवाडे के दौरान सभी कार्य हिन्दी में किये गये ।

इस सन्दर्भ में 21.09.2012 को संस्थान में एक निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें पॉच प्रतिभागियों ने भाग लिया । निबन्ध प्रतियोगिता ग्लोबल वार्मिंग पर आधारित थी।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्री जोगिन्द्र चौहान, अनुसंधान सहायक, द्वितिय स्थान श्री कुलवन्त राय गुलशन, कनिष्ठ परियोजना सहायक व ततीय स्थान श्री लाल चन्द, परियोजना सहायक ने प्राप्त किया । हिन्दी पखवाडे के सुअवसर पर प्रतिभागियों को निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये ।

हिन्दी दिवस

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में दिनांक **14.09.2012** को संस्थान के सभागार में हिन्दी दिवस मनाया गया । इस उपलक्ष में संस्थान के विभिन्न वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया । नामित हिन्दी अधिकारी, कु0 सीमा जोशी ने निदेशक महोदय, समूह समन्वयक 'अनुसंधान वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए हिन्दी दिवस की जानकारी दी व निदेशक महोदय से हिन्दी दिवस के उपलक्ष में हिन्दी की उपयोगिता व रोजमर्रा के कार्यों को अपनाने के लिए सम्बोधन करने हेतू आग्रह किया । तत्पश्चात निदेशक, हि0व0अ0सं0 ने सभी को हिन्दी भाषा की उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की व समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार संस्थान का अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने हेतू अनुरोध किया ।

हिन्दी दिवस पर गृह मंत्री द्वारा जारी संदेश पढ़ते हुए संस्थान के निदेशक महोदय

संस्थान में हिन्दी में किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में वार्ता करते हुए उन्होंने भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य जो कि 'क' क्षेत्र में 100:ए 'ख' क्षेत्र में 100: तथा 'ग' क्षेत्र में 65: को इस वर्ष में पूरा करने की सभी से अपील की और उन्होंने कहा कि इस दिशा में सभी को ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में करना होगा तभी हम निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं । निदेशक महोदय ने श्री सुशील कुमार शिंदे, गृह मृंत्री, भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा जारी संदेश पढ़कर सुनाया । श्री आर0के0 शर्मा, निजी सचिव ने राजभाषा निति के ऊपर विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने राजभाषा अधिनियम व नियमों के बारे में भी अवगत करवाया । उन्होंने सभी फाईलों के शीर्षक हिन्दी या द्विभाषीय व रजिस्टरों की सभी प्रविष्टियां हिन्दी में करने के लिए परामर्श दिया ।

हिन्दी दिवस पर संस्थान के अधिकारी व कर्मचारीगण भाग लेते हुए

अन्त में नामित हिन्दी अधिकारी ने हिन्दी दिवस के शुभावसर पर अपने–अपने विचार रखने पर सभी का धन्यवाद किया ।